रथ यात्रा लेकर नागदा के भक्तों से मिलने आ रहे हैं भगवान श्री जगन्नाथ

- 19 जुलाई, भगवान के रथ की सेवा में पलक-पांवड़े बिछाएंगे नगरवासी
- मीडिया से चर्चा कर रथ यात्रा की तैयारियों को दिया अंतिम स्वरूप

नागदा। सब लोग पुरी नहीं जा सकते, इसलिए भगवान श्री जगन्नाथ स्वयं अपने भक्तों से मिलने आपके नगर आ रहे हैं। इसी भाव को साकार करते हुए श्री जगन्नाथ महोत्सव के अंतर्गत 19 जुलाई को इस्कॉन नागदा एवं इस्कॉन उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई श्री बलभद्र एवं बहन देवी सुभद्रा की भव्य एवं विशाल रथ यात्रा तृतीय वर्ष में निकाली जाएगी। विगत दो वर्षों में ऐतिहासिक जनसहभागिता के बाद इस बार भी पूरे नगर के सहयोग से रथ यात्रा को और अधिक दिव्य, भव्य एवं जन-जन की सहभागिता वाला स्वरूप दिया जा रहा है।

रथ यात्रा की तैयारियों को लेकर बुधवार को आदि गौड़ ब्राह्मण समाज धर्मशाला में श्री जगन्नाथ रथ यात्रा आयोजन समिति द्वारा नगर के गणमान्य पत्रकारों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में यात्रा की व्यवस्थाओं, सुरक्षा, यातायात, सेवा कार्यों एवं संपूर्ण आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई तथा मीडिया के माध्यम से अधिकाधिक श्रद्धालुओं तक रथ यात्रा का संदेश पहुंचाने का आग्रह किया गया। समिति के राकेश यादव एवं मुकेश डोडिया ने संयुक्त रूप से बताया कि इस वर्ष रथ यात्रा को वृहद स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। नगर के प्रत्येक क्षेत्र में संकीर्तन यात्राओं के माध्यम से आमंत्रण दिया जा रहा है। विभिन्न हिन्दू संगठनों, सामाजिक संस्थाओं, महिला मंडलों एवं मातृशक्ति को इस आयोजन से जोड़ा गया है, जिससे यह रथ यात्रा पूरे नगर का उत्सव बन सके।

उन्होंने बताया कि इस्कॉन उज्जैन के कृष्ण भावना अमृत संघ के कोऑर्डिनेटर सुधीर गोर प्रभु एवं इस्कॉन उज्जैन की संकीर्तन मंडली ढोल, मृदंग, झांझ और ताशों के साथ हरे कृष्ण-हरे राम महामंत्र का संकीर्तन करते हुए पूरे नगर को भक्तिरस में सराबोर कर देगी।

समिति के ओमप्रकाश चौहान एवं यशस्वी चौबे ने रूट चार्ट की जानकारी देते हुए बताया कि रथ यात्रा 19 जुलाई को दोपहर 2 बजे कृषि उपज मंडी से प्रारंभ होकर महात्मा गांधी मार्ग, जवाहर मार्ग एवं महिदपुर रोड होते हुए ज्योतिषी गार्डन पहुंचेगी, जहां सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था रहेगी।

मीडिया प्रभारी नितेश मेहता ने बताया, यात्रा के दौरान एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा दल एवं कचरा संग्रहण वाहन भी यात्रा के साथ चलेंगे।

स्वागत स्थलों पर होने वाले कचरे का तत्काल संग्रहण कर नगरवासियों को स्वच्छता भी सेवा है का संदेश दिया जाएगा। इस प्रकार श्री जगन्नाथ रथ यात्रा केवल धार्मिक आस्था का उत्सव ही नहीं, बल्कि स्वच्छता, सेवा, सामाजिक एकता, समरसता और सांस्कृतिक गौरव का अद्वितीय महापर्व बनेगी।

बैठक के बाद आयोजन समिति ने किया संकीर्तन

बैठक के उपरांत आयोजन समिति ने पुलिस प्रशासन से भेंट कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक चर्चा की। इसके बाद इस्कॉन परिवार एवं आयोजन समिति द्वारा संकीर्तन किया गया। बैठक में निलेश मेहता, शंकर (पप्पू) प्रजापत, सोमदेव पाल, राकेश शर्मा, पुरुषोत्तम पुरोहित एवं पुरुषोत्तम सारस्वत उपस्थित रहे। मीडिया बैठक में प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक चौहान, सलीम खान, राजेश रघुवंशी, राशिद खान, चेतन नामदेव, जितेंद्र चौहान, पवन जाट, बंटी जाटिया, दिनेश मंडोरा, रवि रघुवंशी, महेश कच्छावा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

छात्राओं ने किया सान्दीपनि विद्यालय का भ्रमण

घट्टिया। गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के द्वितीय दिवस गुरुवार को शासकीय कन्या हाई स्कूल की छात्राओं ने सान्दीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भ्रमण किया। कन्या हाई स्कूल के प्राचार्य प्रकाश तिवारी के मार्गदर्शन में शिक्षिका सुनीता भट्ट व शिक्षक विजय पाटीदार के साथ में सांदीपनि विद्यालय का भ्रमण कर हायर सेकेंडरी कक्षाओं में अध्ययन हेतु अपने रूचिकर विषयों की जानकारी प्राप्त की। सान्दीपनि विद्यालय प्राचार्य सुनील नामदेव ने बताया कि छात्राओं को विद्यालय के शैक्षणिक भ्रमण में बायो लेब, फिजिक्स लेब, केमिस्ट्री लेब तथा अटल लेब, आईसीटी लेब व विद्यालय की समस्त कक्षाओं का भ्रमण शिक्षक महेश मकवाना, रानू परमार, अदिति गहलोत व कु. गिरिजा आर्य (खेल शिक्षक) द्वारा करवाया गया व प्राथमिक कक्षाओं की जानकारी सोनू पारेता ने दी। जीवविज्ञान शिक्षिका बिंदुबाला पटेल ने डिजिटल बोर्ड पर बच्चों को अध्यापन का डेमो दिया गया। आईसीटी लेब के संदर्भ में जानकारी गूंजना सोनी ने दी।

पुलिस प्रशिक्षण शाला के अधिकारी कर्मचारियों ने किया स्कूली छात्रों को जागरूक

- नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान

उज्जैन। मुख्यमंत्री के निर्देशन में 14 जुलाई को नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान का शुभारंभ किया गया जो पुलिस महानिदेशक मध्य प्रदेश कैलाश मकवाना एवं विशेष पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण रवि कुमार गुप्ता के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक पुलिस प्रशिक्षण शाला उज्जैन मनीषा पाठक सोनी के मार्गदर्शन में पुलिस प्रशिक्षण शाला उज्जैन के उप पुलिस अधीक्षक शैलजा मिश्रा भदौरिया, सहायक लोक अभियोजन अधिकारी प्रीति अग्रवाल, निरीक्षक नितिन अमलावत के द्वारा नशे से दूरी है जरूरी अभियान 2.0 के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय पावसा में जाकर स्कूली छात्रों एवं शिक्षकों को जागरूकता अभियान के अंतर्गत जागरूक किया।

अभियान के अंतर्गत शैलजा भदोरिया के द्वारा बताया गया कि उक्त अभियान पूरे प्रदेश में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक संचालित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सभी प्रकार के ड्रग्स और नशीले पदार्थ से होने वाले नुकसान, समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव बढ़ाने वाले अपराध के बारे में जागरूक होने की आवश्यकता है। स्वयं भी नशे से दूर एवं परिवार के आस पड़ोस के मोहल्ले के व्यक्तियों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित करना जरूरी है। निरीक्षक नितिन अमलावत के द्वारा नशे के प्रकार विभिन्न नारकोटिक्स पदार्थ से होने वाले शारीरिक नुकसान, आर्थिक नुकसान मानसिक नुकसान के बारे में बताया। सहायक लोक अभियोजन अधिकारी प्रीति अग्रवाल के द्वारा अवैध रूप से नशीले पदार्थ रखने विक्रय करने के अपराधों के संबंध में जानकारी प्रदान की।

होमगार्ड विभाग में हुई पदोन्नति

उज्जैन। गृह विभाग एवं होमगार्ड मुख्यालय द्वारा प्रदेशभर में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों की पदोन्नति के आदेश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में जिला होमगार्ड इकाई, उज्जैन में पदस्थ प्लाटून कमांडरों को कंपनी कमांडर, लेखापाल को मुख्य लिपिक तथा एएसआई को प्लाटून कमांडर पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति के उपलक्ष्य में पुलिस कंट्रोल रूम, उज्जैन में स्टार सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने पदोन्नत अधिकारियों को स्टार लगाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट संतोष कुमार जाट भी उपस्थित थे। पदोन्नत अधिकारियों में जिला होमगार्ड इकाई की प्लाटून कमांडर शीला चौधरी को कंपनी कमांडर पद पर पदोन्नत किया गया। वर्तमान में उनके पास संपूर्ण एसडीईआरएफ का प्रभार है। प्लाटून कमांडर दिलीप बामनिया भी पदोन्नत होकर कंपनी कमांडर बने हैं। वे वर्तमान में श्री महाकालेश्वर मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था के प्रभारी हैं। इसी प्रकार, प्लाटून कमांडर कमलेश सिंह हाड़ा भी कंपनी कमांडर पद पर पदोन्नत हुए हैं और वर्तमान में होमगार्ड विभाग के प्रशासनिक कार्यों का दायित्व संभाल रहे हैं। वहीं, प्लाटून कमांडर रूबी यादव को कंपनी कमांडर पद पर पदोन्नत किया गया है। वे वर्तमान में धर्मस्व विभाग में अधीक्षक के पद पर प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं। जिला होमगार्ड उज्जैन के लेखापाल भारत सिंह हारी को पदोन्नत कर सुबेदार (एम) बनाया गया है। वे होमगार्ड उज्जैन की समस्त शाखाओं के प्रशासनिक एवं अभिलेखीय कार्यों का संचालन कर रहे हैं।

एक नजर में

विश्व युवा कौशल दिवस पर कौशल विकास कार्यशाला आयोजित

उज्जैन। शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं जेंडर क्लब के संयुक्त तत्वावधान में गांधी हॉल में कौशल विकास विषयक प्रेरक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का संयोजन स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. अंजना बुंदेला एवं जेंडर क्लब प्रभारी डॉ. पूजा साहू ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके साथ कौशल विकास भी सफलता की अनिवार्य शर्त बन चुका है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में कौशल आधारित शिक्षा एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को विशेष महत्व दिया गया है। संचार कौशल, डिजिटल दक्षता, नवाचार, नेतृत्व क्षमता तथा उद्यमिता जैसे कौशल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर भी प्रदान करते हैं। उन्होंने छात्राओं का आह्वान किया कि वे आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा और कौशल का निरंतर विकास करें। उन्होंने कहा कि आज बेटियां प्रत्येक क्षेत्र में अपनी योग्यता और कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

दस्तक अभियान : चिन्हित सभी बच्चों का शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित किया जाए

उज्जैन। जिले में संचालित दस्तक अभियान के अंतर्गत गुरुवार को बड़नगर विकासखंड के ग्राम खरसोद खुर्द में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने अभियान के क्रियान्वयन का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एक वर्षीय बालक रूद्राक्ष कौशल को स्वयं विटामिन-ए की खुराक पिलाई तथा परिवारों को ओआरएस का वितरण किया। कलेक्टर सिंह ने अभियान के दो दिवस की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं मैदानी अमले से लक्ष्य के अनुरूप बच्चों तक पहुंच, घर-घर भ्रमण, विटामिन-ए, ओआरएस वितरण तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि दस्तक अभियान के अंतर्गत चिन्हित सभी बच्चों का शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित किया जाए तथा कोई भी पात्र बच्चा अभियान के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि दस्तक अभियान बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी विशेष रुचि एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समयावधि में अभियान के सभी लक्ष्यों की प्रभावी पूर्ति सुनिश्चित करें। साथ ही क्षेत्र में सतत निगरानी रखते हुए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उल्लेखनीय है कि दस्तक अभियान आगामी 31 अगस्त तक चलाया जाएगा।

राय समाज ने किया रथयात्रा का स्वागत

उज्जैन। इस्कॉन मंदिर की रथयात्रा का गुरुवार दोपहर आगर रोड पंचायत कलाल राय समाज के सदस्यों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। समाजजनों ने भगवान जगन्नाथ का पूजन कर रथ यात्रा में शामिल लोगों को जलपान कराया। समाज के वरिष्ठजन बाबूलाल तिलक, लक्ष्मीनारायण राय, जमुना प्रसाद राय, महेश तिलक, अध्यक्ष एडवोकेट देवेंद्र राय, सचिवद्वय शैलेंद्र राय व प्रमोद राय, रमेश राय शिवालय, मुकेश तिलक, सौरभ राय, परिवेश राय, विशाल राय, नरेश राय, महिला मंडल श्रीमती मीना राय, ज्योति राय कविता राय, मनोरमा राय आदि काफी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

एनडीआरएफ ने स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम में छात्रों को सिखाए आपदा प्रबंधन के गुर

उज्जैन। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 11वीं बटालियन की उप-टीम ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2, महाराजवाड़ा में एक दिवसीय स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम (एसएसपी) का आयोजन किया। निरीक्षक, जीडी श्रीनिवास मीना के नेतृत्व में छह सदस्यीय टीम ने छात्रों एवं शिक्षकों को आपदाओं के प्रति जागरूक करते हुए आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव और जीवन रक्षक कौशल का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन, एनडीआरएफ की भूमिका, सीपीआर, एफबीएओ, रक्तस्राव नियंत्रित करना, ड्रेसिंग एवं बैंडेजिंग, इम्प्रोवाइज्ड स्ट्रेचर बनाना, घायलों को सुरक्षित स्थान तक ले जाने के तरीके तथा फ्लोटिंग डिवाइस के उपयोग का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भूकंप ड्रिल, सांप के काटने पर प्राथमिक उपचार, आकाशीय बिजली से बचाव तथा फायर एक्सटिंग्विशर के सही उपयोग की जानकारी भी दी।

आंगनवाड़ी सहायिकाओं का व्यवहारिक प्रशिक्षण

- डू-इट योरसेल्फ निर्माण पर भी हुआ संवाद

बड़नगर। आंगनबाड़ी केंद्र बंग्रेड मे गुरुवार को महिला एवं बाल विकास विभाग, उज्जैन द्वारा मिशन नीव कार्यक्रम अंतर्गत परियोजना बड़नगर 1 के सेक्टर लोहाना मे आंगनवाड़ी सहायिकाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मिशन नीव कार्यक्रम के जिला समन्वयक लोकेन्द्र तंवर ने बताया कि विभाग के संयुक्त संचालक राजेश मेहरा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी के मार्गदर्शन में मिशन नीव के तहत पोषण भी, पढ़ाई भी, ईसीसीई शालापूर्व शिक्षा, सक्षम आंगनवाड़ी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में परियोजना बड़नगर 1 के सेक्टर लोहाना के आंगनवाड़ी केंद्र बंग्रेड मे पर्यवेक्षक मनीषा अग्निहोत्री की उपस्थित मे सहायिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य बिंदु, केंद्र पर नियमित पोषण भी, पढ़ाई भी गतिविधियों का संचालन, नवाचार के माध्यम से आंगनवाड़ी केंद्र को आकर्षक एवं सुसज्जित बनाना, आधारशिला पाठ्यक्रम के अनुसार गतिविधियों का क्रियान्वयन, खेल-खेल में बच्चों को अनौपचारिक एवं रोचक शिक्षा प्रदान करना, बाल चौपाल माता पिता बैठक का आयोजन व प्रशिक्षण के दौरान सहायिकाओं को बाल विकास के विभिन्न आयामों पर जानकारी दी गई तथा उन्हें बच्चों के समग्र विकास के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही डू-इट योरसेल्फ के माध्यम से अनुप्रयोगी वस्तुए व कम कीमत मे कैसे बेहतर खिलोने आदि बना सकते हैं इस पर भी संवाद किया गया।

कलेक्टर ने बड़नगर में आंगनवाडी केंद्र पर बच्चों से किया संवाद

उज्जैन। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने गुरुवार को बड़नगर विकासखंड के विभिन्न गांवों का सघन भ्रमण कर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं पोषण सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सामूदायिक भवन परिसर में पौधारोपण किया।

कलेक्टर ने ग्राम पलवा में दुग्ध समृद्धि अभियान के अंतर्गत स्थानीय पशुपालकों से चर्चा की और स्थानीय कृषकों को प्राकृतिक खेती के महत्व के बारे में बताते हुए इसे अधिक से अधिक अपनाने की अपील की।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने सर्वप्रथम ग्राम भोमलवास स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र की समग्र व्यवस्थाओं का जायजा लिया और भवन के प्रवेश द्वार पर बने स्लोप को बच्चों की सुविधा एवं सुरक्षा के अनुरूप सुधारने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से केंद्र में पंजीकृत बच्चों की संख्या, उपस्थिति एवं नियमित गतिविधियों की जानकारी ली। बच्चों से आत्मीय संवाद करते हुए उन्होंने बच्चों को केंद्र में दिए जा रहे पोषण आहार की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से बच्चों की पोषण स्थिति का अवलोकन करते हुए कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि सभी कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों को निर्धारित मानकों के अनुसार नियमित पोषण आहार उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उनकी माताओं की नियमित काउंसिलिंग कर संतुलित आहार, स्वच्छता एवं बच्चों की समुचित देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाए।

सांदीपनि विद्यालय में गुरुपूर्णिमा पखवाड़ा प्रारम्भ

घट्टिया। सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घट्टिया में 15 दिवसीय गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा बुधवार से प्रारम्भ हुआ। प्रथम दिवस मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्राचार्य सुनील नामदेव, उप्राचार्य रानू परमार एवं प्राथमिक विभाग प्रधानाध्यापक महेश मकवाना ने किया। इस अवसर पर कक्षा 10वी एवं 11वी की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन अदिति गहलोत ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य सुनील नामदेव ने गुरु शिष्य परंपरा के महत्व को बताते हुए विद्यार्थियों को गुरु के मार्गदर्शन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

रथयात्रा का पुष्पवृष्टि से अभिनंदन किया

उज्जैन। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा की रथयात्रा का 16 जुलाई की शाम 6 बजे तरनतालचौराहे से अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अनिलसिंह चंदेल, हरदयालसिंह एडव्होकेट, नीरजसिंह चंदेल, अभिषेकसिंह बेस, मलखानसिंह दिखित, शैलैन्द्रसिंह ठाकुर, शरदसिंह चौहान, श्यामबहादुरसिंह बघेल, शंकरसिंह चौहान, नागेन्द्रसिंह जादौन, हरिमोहनसिंह राठौड़ आदि ने पुष्पमाला तथा पुष्पवृष्टि से अभिनंन्दन किया।

एक नजर में — सम्राट विक्रमादित्य विवि में विश्व युवा कौशल दिवस पर प्रेरक व्याख्यान और स्टार्टअप संवाद आयोजित

मुनाफा कमाना नहीं बल्कि समाज की समस्याओं का समाधान करना ही असली उद्यमिता

उज्जैन। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में एमएसएमई इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन सेंटर, उज्जैन इन्क्यूबेशन सेंटर और सविष्कार के संयुक्त तत्वावधान में लीडरशिप कोहोर्ट 2026-3.0 के तहत प्रेरक व्याख्यान व स्टार्टअप संवाद आयोजित किया गया।

विश्व युवा कौशल दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के पुष्पेन्द्र सिंह ने कहा कि उद्यमी का उद्देश्य केवल लाभ कमाना नहीं, बल्कि समाज की समस्याओं और लोगों के दर्द को समझकर सकारात्मक बदलाव लाना है। 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं को नवाचार, नेतृत्व और उद्यमिता की भावना के साथ वास्तविक समस्याओं के समाधान पर काम करना होगा।

अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि एक अच्छे शिक्षण संस्थान का दायित्व केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के मन में ऐसा लक्ष्य बोना है जिसे पूरा करने की सकारात्मक बेचैनी उनमें निरंतर बनी रहे। यही विचार आगे चलकर राष्ट्र के विकास का आधार बनते हैं। एमएसएमई इन्क्यूबेशन सेंटर के समन्वयक डॉ. उमेश सिंह ने विषय प्रवर्तन कर विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में उपलब्ध स्टार्टअप और नवाचार के अवसरों की जानकारी दी।

कार्यक्रम के स्टार्टअप अनुभव साझा सत्र में निर्मल निर्माण, गेस्ट रिपोर्ट डॉट इन, सीआईएसओ ग्लोबल और यॉम डॉट कॉम के संस्थापकों ने अपनी उद्यमिता यात्रा, शुरुआती संघर्ष और उपलब्धियों पर चर्चा कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस मौके पर उज्जैन इनक्यूबेशन सेंटर की नोडल हेड कंपनी सेक्रेटरी तोशीबा दसोरे और सविष्कार की राष्ट्रीय सह संयोजक दीक्षा यादव विशेष रूप से उपस्थित थीं। संचालन गुरप्रीत कौर ने किया और आभार आईक्यूएसी सेल के डॉ. डी.डी. बेदिया ने माना।